इंडस्ट्री को पूरी तरह संभलने में **2023** तक का समय लगेगा

VIE Hospitality और फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पूर्व प्रेसिडेंट कमलेश बारोट ने बताया कि अभी सरकार के नियम अनुसार, 33 फीसदी ऑक्यूपेंसी होनी चाहिए। हालांकि, इतना भी अभी पूरा नहीं हो रहा है। इस समय 12-15 फीसदी ऑक्यूपेंसी है। वे बताते हैं कि जब तक इंटरनेशनल फ्लाइट्स और पूरी तरह डोमेस्टिक फ्लाइट्स शुरु नहीं होगी तब तक ऑक्यूपेंसी ऐसे ही रहेगी। इंडस्ट्री को सामान्य होने में दो तीन साल का समय लगेगा। अगर रेट की बात की जाए तो भविष्य में हो सकता है रेट हम बढ़ा सकते हैं क्योंकि पहले से घाटे में चल रही यह इंडस्ट्री इस समय स्वच्छता के नियमों का पालन कर रही है. इस पर खर्च अधिक बढ़ा है।